<u>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना (म.प्र.)</u>

–:: <u>निविदा</u> ::–

क्रमांक........./नजा0/साईकिल स्टेण्ड/2018–19 गुना, दिनांक 23.03.18

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय परिसर गुना में वित्तीय वर्ष 2018–2019 के लिए वाहन स्टैण्ड की निविदायें अंतिम तिथि दिनांक 16.04.18 को सायंकाल 05.00 बजे तक निर्धारित शर्तो के अधीन संलग्न निविदा फार्म पर, **सीलबंद लिफाफे** में, रजिस्टर्ड डाक/हमदस्त (**पताः–** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना पिनकोड 473001) आमंत्रित हैं :–

1. वाहन स्टैण्ड हेतु निविदा संलग्न निविदा प्रारूप पर पूर्ति कर **सीलबंद लिफाफे** में रजिस्टर्ड डाक/हमदस्त (**पताः–** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना पिनकोड 473001) को प्रेषित करना होगा।

2. वाहनो के स्टैण्ड पर रखने की दरे निम्नानुसार होगी :–

(ए) साईकिल रूपये– 2/– प्रतिदिन अथवा रूपये– 40/–प्रतिमाह।

(बी) मोटर साईकिल/स्कूटर/मोपेड टू–व्हीलर रूपये–05/– प्रतिदिन अथवा रूपये 100/– प्रतिमाह।

(सी) चार पहिया वाहन रूपये–10/– प्रतिदिन अथवा रूपये–200/– प्रतिमाह।

3. लोककल्याण हेतु ठंडे पानी के मटके/प्याऊ स्टैण्ड के समीप स्थापित करने होगें।

4. विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा की वरीयता चयन कर सूचित करने के पश्चात् दिनांक 17.04.18 को दोपहर 12 बजे तक रूपये 5000/– (पांच हजार) मात्र अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट जमा करने पर ही निविदा अंतिम रूप से मान्य की जाकर दिनांक 18.04.18 से दि0 17.04.19 हेतु वाहन स्टैण्ड संचालनार्थ मान्यता दिये जाने पर अनुबंध की शेष राशि 03 दिन में जमा कर वाहन स्टैण्ड संचालन की अनुमति दी जावेगी।

5. वाहन सुरक्षा में चूक होने पर ग्राहक को वाहन की कीमत भुगतान की जिम्मेदारी अनुबंध–गृहीता की होगी।

6. दिनांक 21.04.18 तक अधिकतम अधिमान्य निविदा दाता के द्वारा शेष वार्षिक अनुबंध की राशि अदा न करने पर अर्नेस्ट मनी शासन हित में राजसात कर द्वितिय अधिकतम दर से संबंधित निविदा दावा को वार्षिक अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

7. साईकिल स्टेण्ड ठेके की न्यूनतम अनुबंध राशि 105500/- रूपये होगी।

8. विभागीय क्रय समिति की सिफारिश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय गुना के अनुमोदन पर तत्काल अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट देने पर ही अधिकतम दर की निविदा स्वीकृत कर शेष राशि जमा करने की सूचना दी जावेगी।

9. नियंत्रणाधिकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय उक्त निविदा में विवाद के अंतिम निर्णायक होगे।

10. प्रशासकीय कारणों से उक्त निविदा किसी भी समय व किसी भी प्रक्रम पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय गुना के आदेश से निरस्त की जा सकेगी।

11. वार्षिक अनुबंध में चूक होने पर निविदा की राशि राजसात की जाकर वर्ष में किसी भी समय पुनः अनुबंध प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

12. साईकिल स्टेण्ड पर रेट लिस्ट बोर्ड पर साफ–साफ अक्षरों मे दर्शाई जावेगी।

13. ठेकेदार द्वारा उपरोक्त शर्तो का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा किसी भी शर्त का उल्लंघन होने की दशा में ठेका निरस्त कर दिया जावेगा एवं ठेके की राशि राजसात कर ली जावेगी।

14. न्यायालयीन कर्मचारी एवं अभिभाषक गण साईकिल स्टेण्ड के शुल्क से मुक्त रहेंगें।

संलग्न :– निविदा फार्म

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला गुना (म0प्र0)

OPEN TENDER PROFORMA FOR CYCLE STAND

1- Rate Quotation of the Tenderer ....

2- Earnest monty Rupes : ~~10,000/-~~ 5,000/- will be diposite after approval of tender by head of deparment office.

3- PAN No. .... Enclose copy of current Income Tax Return.

4- TIN No. .... Enclose copy of live registration.

The terms and conditions of the tender are acceptable to me/us

Signature ....

Name & address with Seal & Date ....

....

....

....

....

Phone (O) ....

Fax ....

(M) ....

E-mail ....